714

कार्यालय, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ।

-----

क्रमांकः प-2(71-54)जविप्रा/मीटिंग/95 दिनांकः 10.7.95

विषयः- जयपुर विकास प्राधिकरण की
कार्यकारी समिति की 57वीं
बैठक का कार्यवाही विवरण ।

महोदय,

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की 57वीं बैठक दिनांक 4.7.95 को पूर्वान्ह 11.00 बजे जयपुर विकास प्राधिकरण के सभाकक्ष में आयोजित की गयी थी। एजेण्डा आईटम 57.7 तक का कार्यवाही विवरण प्रेषित किया जा रहा है । उसके आगे के एजेण्डा आईटम्स पर पुनः विचार करने के लिए कार्यकारी समिति की बैठक शीघ्र ही आयोजित की जाएगी । कृपया संलग्न कार्यवाही विवरण में आपसे संबंधित निर्णयों की क्रियान्विति कर तद्नुसार सूचना इस प्रकोष्ठ को भिजवाने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(नरहरी शर्मा)
सचिव

1. शासन सचिव, नविआ विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर ।
2. प्रबन्ध निदेशक, रिको, जयपुर ।
3. कलक्टर, जयपुर ।
4. प्रबन्ध निदेशक, राज0 राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर ।
5. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर ।
6. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर ।
7. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर ।
8. मुख्य अभियन्ता, राजस्थान राज्य विद्युत् मण्डल, जयपुर ।
9. पुलिस अधीक्षक, शहर जयपुर ।
10. निदेशक अभियांत्रिकी, आयोजना, वित्त, विधि, जविप्रा., जयपुर ।
11. महापौर, नगर निगम, जयपुर ।

प्रतिलिपि निम्नांकित को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है -

1. समस्त वरिष्ठ नगर नियोजक/अधीक्षण अभियन्ता, जविप्रा., जयपुर ।
2. वरिष्ठ उद्यान विज्ञ, जविप्रा., जयपुर ।
3. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा., जयपुर ।
4. निजी सहायक, सचिव, जविप्रा., जयपुर ।
5. अतिरिक्त सचिव(प्रशासन/भू.रू.) जविप्रा., जयपुर ।
6. उप निदेशक (जन सम्पर्क) / वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जविप्रा., जयपुर ।
7. मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, जविप्रा., जयपुर ।

सचिव

सचिव
जयपुर विकास प्राधिकरण

# कार्यालय, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ।

.........

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की दिनांक 4.7.95 को प्राधिकरण के सभाकक्ष में आयोजित 57वीं बैठक का कार्यवाही विवरण ।

.........

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की 57वीं बैठक प्राधिकरण के सभाकक्ष में दिनांक 4.7.95 को श्री के.एल.मीना, जयपुर विकास आयुक्त महोदय के अध्यक्षता में आयोजित की गयी ।

इसमें भाग लेने वालों की सूची एनेक्चर । पर संलग्न है ।

सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण के आकस्मिक अवकाश पर होने के कारण इस बैठक का कार्य संचालन श्री बी.एल.जाटावत, अतिरिक्त सचिव प्रशासन द्वारा किया गया ।

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने इस बैठक में उपस्थित हुए सदस्यों एवं अन्य अधिकारियों का स्वागत किया । उसके बाद एजेण्डा आइटम विचारार्थ लिये गये, और उन पर निम्नानुसार निर्णय लिये गये ।

एजेण्डा आईटम नं0 57.1 कार्यकारी समिति की 56वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि

कार्यकारी समिति की 56वीं बैठक की कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गयी ।

एजेण्डा आईटम नं0 57.2 कार्यकारी समिति की 56वीं बैठक के निर्णयों की क्रियान्विति

इसे नोट किया गया ।

एजेण्डा आईटम नं. 57.3 श्री महेन्द्र सिंह कनिष्ठ अभियन्ता का नियमितिकरण

इस एजेण्डा आईटम पर विस्तृत चर्चा की गयी । प्राधिकरण के सेवा विनियमों में कनिष्ठ अभियन्ता के पदों को भरने के लिए सीधी भर्ती विहित की गयी है । अतः सेवा विनियमों के अनुसार सीधी भर्ती की प्रक्रिया अपनायी जाए । उसमें यह कर्मचारी भी अपना आवेदन पेश करें और उसके चयन होने के आधार पर ही तदनुसार कार्यवाही की जाए ।

यह निर्णय भी लिया गया कि अन्य संवर्गों में भी इसी प्रकार से यदि कोई अन्य कर्मचारी सीधी भर्ती के पदों पर नियोजित कर दिये गये हों तो उन पदों को भरने के लिए भी विनियमों में विहित प्रक्रिया अपनायी जाकर ही आगे कार्यवाही की जाए, जिसमें इस प्रकार से नियोजित कर्मचारी भी अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं और उनके चयन होने के आधार पर ही उनके प्रकरण में आगे कार्यवाही की जाए ।

सचिव
जयपुर विकास प्राधिकरण
जयपुर

एजेण्डा आईटम नं. 57.4 बेलदारों के पदों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में परिवर्तन

इस एजेण्डा आईटम पर भी विस्तार से चर्चा की गयी । बेलदार के कार्य (जॉब) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के कार्य (जॉब) से भिन्न है । अतः इस प्रकरण का विस्तृत परीक्षण सर्वप्रथम निदेशक अभियान्त्रिकी और मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन से पुनः कराया जाए और उनकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रशासनिक शाखा आगे कार्यवाही करें ।

एजेण्डा आईटम नं0 57.5 बेलदारों का स्टेनो के पद पर नियोजन

इस एजेण्डा आईटम पर विस्तृत चर्चा की गयी । बेलदार से पदोन्नति हेल्पर आदि के पद पर होती है और बेलदार से यदि सीधे स्टेनों बना दिये जाते हैं तो कई पदों की पदोन्नति एक साथ उक्त बेलदारों को मिल जाएगी । ऐसी स्थिति में यह प्रस्ताव समीचीन नहीं होगा । प्राधिकरण के सेवा विनियमों में आशुलिपिक के पद पर सीधी भर्ती विहित की गयी है । अतः सीधी भर्ती की प्रक्रिया ही अपनायी जाए । यदि प्राधिकरण के किसी भी संवर्ग का कोई कर्मचारी यथा कनिष्ठ सहायक, सहायक आदि जो नियमों में विहित योग्यता रखता है उसके लिए आवेदन पेश करें और सेवा नियमों में विहित प्रक्रिया के बाद ही आशुलिपिक के पद पर उन्हें नियुक्ति दी जाए ।

इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि सामान्यतया यदि सेवा विनियमों में विहित प्रक्रिया से नियुक्ति किये जाने से अन्यथारूपेण यदि किसी कर्मचारी से इस प्रकार का कार्य लिया जाता है तो न्यायालय ऐसे प्रकरणों में ऐसे कर्मचारी को उसके द्वारा किये गये कार्य के अनुरूप वेतन देने का निर्णय दे देते हैं । अतः यह भी निर्णय लिया गया कि इस प्रकार से सेवा विनियमों में विहित प्रक्रिया से भिन्न रूपेण किसी कर्मचारी से इस प्रकार का कार्य नहीं लिया जाए ताकि प्राधिकरण पर कोई ऐसी देयता नहीं आये ।

एजेण्डा आईटम नं. 57.6 अनियमबद्ध निर्माण के सम्बन्ध में निर्धारण बाबत

विस्तृत विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण अपने बाईलाज का परीक्षण करें और उसके बाद ही तदनुसार प्रस्ताव कार्यकारी समिति की बैठक में पेश करें ।

एजेण्डा आईटम नं0 57.7 जयपुर रीजन का मास्टर प्लान

इस पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ और कार्यकारी समिति ने इसका अनुमोदन कर दिया कि इसे प्राधिकरण की बैठक में रखा जाए ।

बैठक का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ ।

अतिरिक्त सचिव (प्रशासन)
ज.वि.प्रा., जयपुर ।

717

## कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**दिनांक 4.7.95 को आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक मे उपस्थित अधिकारीगण**

| क्रमांक | नाम व पद |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1. | श्री के . एल. मीना,<br>जयपुर विकास आयुक्त |
| 2. | श्री एन. के. वर्मा, K.K. Dy. Secy<br>शासन सचिव, नविआ विभाग, जयपुर । |
| 3. | श्री मोहन लाल गुप्ता,<br>महापौर, नगर निगम, जयपुर । |
| 4. | श्री जी. एस. सन्धु,<br>प्रबन्ध निदेशक, रिको, जयपुर । |
| 5. | श्री एस. एन. थानवी, B.L. Gupta ADM City<br>कलक्टर, जयपुर । |
| 6. | प्रबन्ध निदेशक, राज0 राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर । |
| 7. | श्री जैन,<br>मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर । |
| 8. | श्री ए. के. भार्गव,<br>मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग । |
| 9. | श्री बी. एस. झा,<br>मुख्य अभियन्ता, (ओ. एण्ड. एम.) राज0 राज्य विद्युत मंडल । |
| 10. | प्रबन्ध निदेशक, राज0 राज्य पर्यटन विकास निगम, जयपुर । GD, RTDC |
| 11. | श्री पुखराज सीरवी, Dy. SP<br>पुलिस अधीक्षक, जयपुर । |
| 12. | श्री बी. आर. जोहर,<br>निदेशक अभियांत्रिकी, जविप्रा, जयपुर । |
| 13. | श्री आर. के. शर्मा,<br>निदेशक, वित्त, जविप्रा, जयपुर । |
| 14. | श्री बी. एल. मेहरा,<br>निदेशक, आयोजना, जविप्रा जयपुर । |
| 15. | श्री नरहरी शर्मा,<br>सचिव, जविप्रा जयपुर । |

सचिव
जयपुर विकास प्राधिकरण
जयपुर